सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-530
31/10/2017

स्व0 इंदिरा गॉधी की पुण्य तिथि(राष्ट्रीय संकल्प दिवस) पूरे श्रद्धा के साथ मनाई गई

पटना 31 अक्टूबर 2017 :– भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गॉधी की पुण्य तिथि के अवसर पर आज पटना के शेखपुरा स्थित इंदिरा गॉधी इन्स्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के प्रांगण में अवस्थित स्व0 इंदिरा गॉधी की प्रतिमा प्रांगण में राजकीय पुण्य तिथि समारोह का आयोजन किया गया, जहॉ राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 इंदिरा गॉधी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नन्द किशोर यादव, विधायक श्री श्याम रजक, कॉग्रेस नेता श्री प्रेमचंद मिश्रा, पूर्व महासचिव नागरिक परिषद श्री छोटू सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने स्व0 इंदिरा गॉधी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं देश भक्ति गीतों का गायन प्रस्तुत किया गया।

******